# *News Paper Clipping Service*

## Amar Ujala

**Date- 01 Dec 2022, Page No. City Page 5**

## छात्रों को संकायों और विभागों के बारे में बताया

01/12/2022



सुभारती विवि में आयोजित कार्यक्रम में शामिल छात्र-छात्राएं। संवाद

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के मांगल्य प्रेक्षागृह में नए विद्यार्थियों के लिए चल रहे उन्मुखीकरण कार्यक्रम के दूसरे दिन संकाय और विभागों के बारे में छात्रों को जानकारी दी गई। शुरुआत परीक्षा नियंत्रक पूनम कौशिक ने की। उन्होंने सभी को परीक्षा प्रणाली के बारे में बताया। प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा ने नई शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन के बारे में विस्तार से समझाया। इसके अलावा डॉ. सारिका अभय ने जेंडर चैंपियन और लैंगिक समानता के बारे में जानकारी दी। संयोजक डॉ. प्रदीप राघव ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। संवाद

# *News Paper Clipping Service*

## Hindustan

**Date- 02 Dec 2022, Page No. 6**

### सुभारती आधुनिक लैब का अवलोकन



मेरठ। सुभारती विवि के मेडिसिन विभाग द्वारा महावीर जैन बालिका इंटर कॉलेज में विश्व एड्स दिवस पर एड्स से बचाव और लक्षणों की जानकारी दी गई। डॉ. वर्षा चौधरी, डॉ. सरताज अहमद, प्रिंसीपल ऊषा जैन ने विचार रखे। मुल्ताननगर स्थित स्वास्थ्य केंद्र पर भी बचाव की जानकारी दी गई। डॉ. भावना पंत, डॉ. अनुराधा दवे, विरेन्द्र कुमार, शालू, मोहम्मद फरहत मौजूद रहे। वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय बाफर में सुभारती आधुनिक लैब का अवलोकन हुआ। डॉ. रिजुल रंजन, डॉ. शुभम सिरोही, डॉ. अमनदीप कौर, डॉ. विवेक संस्कृति, अलका, अतर सिंह और मशरुल अहमद मौजूद रहे।

# *News Paper Clipping Service*

## Amar Ujala

**Date- 03 Dec 2022, Page No. 5**



सुभारती विवि में कैरम बोर्ड खेलते दिव्यांग। संवाद

# रेशू और संजय ने मारी बाजी

03/12/22

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के सुभारती डिसएबिलिटी एडवाइजरी सर्विस सेंटर की ओर से पैरा स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया।

समन्वयक प्रो. डॉ. संदीप कुमार ने मुख्य अतिथि कुलपति प्रो डॉ. जीके थपलियाल का पौधा भेंटकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन हमारे समाज की शक्ति हैं और उन्हें प्रोत्साहन देकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की जरूरत है। विवि में दिव्यांग सशक्तिकरण एवं परामर्श केंद्र स्थापित है, जो दिव्यांगजनों के उत्थान के लिए कार्य कर रहा है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने कहा कि सुभारती विश्वविद्यालय दिव्यांगों को मानसिक रूप से सशक्त कर शिक्षा प्राप्त कराने का कार्य कर रहा है। प्रतियोगिता में 21 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

कैरम में महिला वर्ग में प्रथम रेशू, द्वितीय आरती और पुरुष वर्ग में प्रथम संजय चौहान, द्वितीय संजीव कुमार रहे। साइकिलिंग में प्रथम रियाज, द्वितीय संजीव व तृतीय प्रवीण कुमार रहे। दौड़ स्पर्धा में प्रथम प्रियांशु, द्वितीय संजय चौहान और तृतीय रियाज रहे। ब्यूरो

# *News Paper Clipping Service*

## Amar Ujala

**Date- 03 Dec 2022, Page No. 6**

### पैरा स्पोर्ट्स मीट में दिव्यांगों ने दिखाई प्रतिभा



मेरठ। सुभारती विवि के सुभारती डिसएबिलिटी एडवाइजरी सर्विस सेंटर द्वारा दिव्यांग विद्यार्थी एवं कर्मचारियों के लिए सुभारती पैरा स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो.जीके थपलियाल ने शुभारंभ किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने विचार रखे। डॉ.संदीप कुमार के अनुसार कैरम महिला वर्ग में रेशु एवं आरती गोयल प्रथम-द्वितीय रहे। 03/12/22(6)

# *News Paper Clipping Service*

## Hindustan

**Date- 05 Dec 2022, Page No. 5**



सुभारती नर्सिंग कॉलेज में रविवार को शपथ ग्रहण समारोह में शमिल छात्राएं।

05/12/22 (5)

## सुभारती नर्सिंग कॉलेज में शपथ ग्रहण

मेरठ, संवाददाता। पन्ना धाय मां सुभारती नर्सिंग कॉलेज में चौदहवीं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन रविवार को सुभारती विश्वविद्यालय के महारानी लक्ष्मी बाई सभागार में हुआ। कार्यक्रम में मिलिट्री हॉस्पिटल के प्रिंसिपल मैट्रन कर्नल रेचल थॉमस मुख्य अतिथि रहीं।

सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति डा. जीके थपलियाल व मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. डॉ शल्या राज ने शुभकामनाएं दीं।

सुभारती नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल एंड डीन डॉ. गीता परवंदा ने सभी का स्वागत किया। बीएससी नर्सिंग तृतीय वर्ष की छात्राओं ने गणेश वंदना की प्रस्तुति की। इसके बाद शपथ ग्रहण समारोह का आरम्भ हुआ।

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 06 Dec 2022, Page No. 5**

# जीडीपी को बढ़ाने में भूमिका निभा रहा टूरिज्म : उप्पल

06/12/22



सुभारती में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मौजूद शिक्षक-शिक्षिकाएं। संवाद

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के भीकाजी कामा सुभारती कॉलेज ऑफ होटल मैनेजमेंट में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया।

शुभारंभ मुख्य अतिथि शेफ जितेंद्र उप्पल, विशिष्ट अतिथि आगरा विश्वविद्यालय से डॉ. लवकुश मिश्रा, कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज और होटल मैनेजमेंट कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शिवमोहन वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शेफ जितेंद्र उप्पल ने कहा कि भारत देश मिश्रित संस्कृतियों का बेमिसाल संगम है और हमारे देश में हमेशा से ही अतिथियों का आदर कर स्वागत किया जाता है। उन्होंने कहा कि टूरिज्म का क्षेत्र विस्तृत है और इसमें रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। यह इंडस्ट्री देश की जीडीपी को बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही है।

डॉ. शल्या राज ने कहा कि हमारी संस्कृति पूरे विश्व के लोगों को आकर्षित करती है। सम्मेलन में 50 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। डॉ. धनंजय श्रीवास्तव, विकास, अंकित श्रीवास्तव, अंकित प्रकाश, गरिमा जैन, इंद्रनील बोस, सौरभ त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। संवाद

# *News Paper Clipping Service*

## Amar Ujala

**Date- 07 Dec 2022, Page No. City Page 5**



सुभारती अस्पताल में 104 वर्षीय वृद्ध का सफल ऑपरेशन किया गया।

### 104 वर्षीय वृद्ध के कूल्हे का सफल ऑपरेशन

मेरठ। छत्रपति शिवाजी सुभारती अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. परवेज अहमद और डॉ. आजाद खान की टीम ने कूल्हे की हड्डी टूटने पर भर्ती हुए 104 वर्षीय वृद्ध का सफल ऑपरेशन कर जीवनदान दिया। सुभारती अस्पताल के चिकित्सा उपाधीक्षक डा. कृष्णा मूर्ति ने हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. परवेज अहमद व डॉ. आज़ाद ख़ान, उनकी टीम को बधाई दी।

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 10 Dec 2022, Page No. 4**

### डेंटल कॉलेज में वेल्यू एडेड कोर्स

10/12/22 (4)

मेरठ। सुभारती डेंटल कॉलेज के लोक दंत स्वास्थ्य विभाग में छात्रों ने वैल्यू एडेड कोर्स में हिस्सा लिया। बतौर मुख्य वक्त प्रो.सीमा बेन्द्रे ने छात्रों सेपेशेवर नैतिकता के तहत काम करने की अपील की। उन्होंने मानव मूल्य, संस्कार एवं पर्यावरण की महत्ता समझाई। डॉ.विनिता निखिल, प्राचार्य डॉ. निखिल श्रीवास्तव, डॉ.संचित प्रधान, डॉ.मयंक दास, डॉ.मोहनीश मुछाल आदि रहे।

# *News Paper Clipping Service*

## Amar Ujala

**Date- 11 Dec 2022,  Page No. City Page 5**

### रिया भी बनेंगी अधिकारी

11/12/22

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय के कैप्टन अमरीक



सिंह डिफेंस एकेडमी की छात्रा रिया ने एसएसबी (सर्विस सेलेक्शन बोर्ड) का साक्षात्कार पास किया है। ग्रुप के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने कहा कि रिया ने एसएसबी में चयनित होकर नारी शक्ति उदाहरण पेश किया है। उन्होंने रक्षा सेवा से जुड़कर अपने पिता की तरह देश सेवा का संकल्प लिया है। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल ने बधाई दी। संवाद

# *News Paper Clipping Service*

## Amar Ujala

**Date- 12 Dec 2022, Page No. City Page 5**

mycity

### न्यूज कैप्सूल

## सुभारती विश्वविद्यालय में अतिथि व्याख्यान का हुआ आयोजन

12/12/22



मेरठ (वि)। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के ललित कला संकाय के परफॉर्मिंग आर्ट्स विभाग में बॉलीवुड नृत्य की तकनीक विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि बॉलीवुड कोरियोग्राफर वैभव घुग्घे इस तकनीक के बारे में विस्तार से बताया। उनका स्वागत विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डा.जीके थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा.शल्या राज, ललित कला संकाय के प्राचार्य डॉ. पिंटू मिश्रा, परफॉर्मिंग आर्ट्स विभागाध्यक्षा प्रो. डा. भावना ग्रोवर ने किया। कार्यक्रम में 60 से अधिक छात्र - छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में विभाग के सभी सदस्य निशी चौहान, श्वेता सिंह, तनुश्री कश्यप, अभिषेक कुमार मिश्रा, मेहराज खां, डा. प्रीति गुप्ता, विधि खण्डेलवाल आदि का योगदान रहा।

**Date- 12 Dec 2022, Page No. 6**

## Hindustan

# *News Paper Clipping Service*

# *News Paper Clipping Service*

## Hindustan

**Date- 13 Dec 2022,** **Page No. 6**

## 'हुनर से रोजगार' कार्यक्रम में दिए टिप्स

मोदीपुरम। प्रसार निदेशालय सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विवि के तत्वावधान में दीक्षोत्सव के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम 'हुनर से रोजगार' आयोजित किया गया।

कुलपति डॉ. केके सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में महिला उद्यमी पूजा गंगवार को गौशिल्प (देशी गाय के गोबर से बने हस्तशिल्प), पवित्रा चौधरी को अचार, चटनी-मुरब्बा, प्रतिभा को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से डिटर्जेन्ट पाउडर, सैनिटाइजर, टायलेट क्लीनर आदि बनाने के लिए सम्मानित किया गया।

**नौ छात्रों का चयन :** चौधरी चरण सिंह विवि कैंपस सर छोटूराम इंजीनियरिंग कॉलेज में कॅरियर लैब्स टेक्नोलॉजीज ने विभिन्न ब्रांच के नौ विद्यार्थियों को चयनित किया। उत्कर्ष ने कई चरणों में साक्षात्कार लिया। कुलपति प्रो.संगीता शुक्ला, डीन टेक्नोलॉजी प्रो.हरे कृष्णा, डॉ.नीरज सिंहल, अनुज कुमार ने बधाई दीं।




13/12/23 (6)

## सुभारती में मनाया भारतीय भाषा दिवस

मेरठ। तमिलनाडु के महान राष्ट्रवादी कवि, स्वतंत्रता सैनानी और समाज सुधारक सुब्रमण्यम भारती की जयंती पर सुभारती विवि के भाषा विभाग, कला और सामाजिक विज्ञान संकाय में भारतीय भाषा दिवस मनाया गया।

शुभारंभ कुलपति डॉ.जीके थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज, प्रतिकुलपति डॉ.अभय शंकरगौड़ा, डॉ.सुधीर त्यागी ने किया। कुलपति ने कहा कि संवैधानिक रूप से सभी भाषाएं एक समान हैं। डॉ.शल्या राज ने कहा कि हमें सभी भाषाओं का सम्मान करना चाहिए। डीन डॉ. सुधीर त्यागी ने कहा कि भाषा ही एकमात्र ऐसा साधन है जिससे विचारों का आदान-प्रदान किया जाता है। पोस्टर मेकिंग में छात्रों ने रचनात्मकता दिखाई। गायन, नृत्य, कविता पाठ में छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। डॉ.यशपाल, डॉ.तुष्टि शर्मा, डॉ.मनोज त्रिपाठी, डॉ.सीमा शर्मा एवं डॉ.दुर्वेश पुंडीर मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 18 Dec 2022, Page No. City Page 5**

mycity

न्यूज कैप्सूल

18/12/22 (5)

### रोबिन मिस्टर और नेत्रिका बनीं मिस फ्रेशर




सुभारती साइंस कॉलेज में आयोजित फ्रेशर पार्टी मौजूद छात्र-छात्राएं। संवाद

मेरठ। सुभारती विवि के सुभारतीय साइंस कॉलेज में फ्रेशर पार्टी हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. डॉ. जीके थपलियाल, सीईओ प्रो. डॉ. शल्या राज और कॉलेज के डीन प्रो. डॉ. महावीर सिंह ने किया। सर्वप्रथम छात्र-छात्राओं ने रैंपवॉक किया। कार्यक्रम में मिस्टर फ्रेशर एमएससी केमिस्ट्री से रोबिन चौधरी और मिस फ्रेशर बीएससी बायोटेक्नोलॉजी से नेत्रिका सिंह रहीं। बीएससी माइक्रोबायोलॉजी की तनिष्का सिंह को मोस्ट एलिगेंट व्यक्तित्व का खिताब मिला। डॉ. अंजू रानी, डॉ. एकता गुप्ता, डॉ. निशा मलिक, डॉ. शशि बाला, डॉ. नीरू सिंह आदि मौजूद रहे। संवाद

# *News Paper Clipping Service*

## Amar Ujala

**Date- 20 Dec 2022, Page No. City Page 5**

# महिलाओं के प्रति हिंसा को रोकने का दिया गया संदेश




सुभारती विवि में संवेदीकरण कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। संवाद

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय की आंतरिक शिकायत समिति के तत्वावधान में महिलाओं के प्रति भेदभाव एवं महिलाओं के खिलाफ हिंसा को मिटाना विषय पर चल रहे 15 दिवसीय कार्यक्रम का सोमवार को समापन हुआ। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के प्रति हिंसा को रोकने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल, प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा और मुख्य अतिथि डॉ. ऊषा साहनी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। अध्यक्ष डॉ. रीना विश्नोई ने महिलाओं के प्रति होने वाली विभिन्न प्रकार की हिंसा के बारे में महिलाओं को जानकारी दी। लॉ कॉलेज के डीन प्रो. डॉ. वैभव गोयल, डॉ. ऊषा साहनी आदि ने विचार रखे। पूर्व न्यायमूर्ति राजेश चंद्र ने कहा कि यदि आप किसी महिला को मुसीबत में देखते हैं तो उसकी मदद अवश्य करें। इस दौरान प्रो. डॉ. रीना बिश्नोई, डॉ. प्रेम चंद्रा, डॉ. राम नवल, एना सिसौदिया, अजय राज सिंह आदि मौजूद रहे। संवाद

# *News Paper Clipping Service*

## Amar Ujala

**Date- 21 Dec 2022, Page No. City Page 5**

21/12/22

# बिना संस्कार के अधूरी है शिक्षा : प्रो. गिरीश चंद्र त्रिपाठी



सुभारती में पहुंचे उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष। संवाद

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में मंगलवार को उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने विद्यार्थियों से संवाद किया। प्रो. गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा में संस्कारों का समाहित होना अति आवश्यक है। बिना संस्कार के शिक्षा अधूरी है। उन्होंने नई शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन हेतु उच्च शिक्षा परिषद की ओर से विश्वविद्यालय को सहयोग देने का आश्वासन दिया।

कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल ने प्रो. त्रिपाठी का स्वागत करते हुए कहा कि विवि गुरुकुल परंपरा के अनुसार शिक्षा का प्रचार प्रसार कर रहा है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने कहा कि विवि उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान कर विद्यार्थियों को योग्य बनाने के साथ उन्हें देश सेवा हेतु प्रेरित कर रहा है। कुलसचिव डीके सक्सेना ने प्रो. त्रिपाठी का अभिनंदन किया। इस दौरान प्रति कुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा समेत सभी डीन, प्राचार्य और विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। संवाद

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 21 Dec 2022, Page No. 6**

# भारत संस्कारों का देश संस्कार बिना शिक्षा अधूरी



मंगलवार को सुभारती विवि में उच्च शिक्षा परिषद अध्यक्ष पहुंचे। 21/12/22

- सुभारती पहुंचे उच्च शिक्षा परिषद अध्यक्ष त्रिपाठी
- छात्र-छात्राओं से की बात, कई कॉलेजों का भ्रमण

मेरठ, प्रमुख संवाददाता। शिक्षा में संस्कारों का समाहित होना जरुरी है। दर्शन, दृष्टि एवं विचारों के साथ शिक्षा ग्रहण करने से भारत विश्व गुरु बनेगा। भारत संस्कारों का देश है और बिना संस्कार शिक्षा अधूरी है। शिक्षा परिषद विवि को नई शिक्षा नीति को क्रियान्वित करने के लिए पूरी तरह सहयोग करेगा।

सुभरती विवि पहुंचे उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने उक्त बात कही। त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए विवि द्वारा किए जा रहे प्रयासों को जाना। संवाद्र के बाद त्रिपाठी ने फाइन आर्ट कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज एवं रिसर्च लैब का भ्रमण किया। उन्होंने विवि के प्रयासों की प्रशंसा की। कुलपति मेजर जनरल डॉ.जीके थपलियाल ने कहा कि विवि विद्यार्थियों को गुरुकुल परम्परा के अनुसार शिक्षा प्रदान कर रहा है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने परिषद अध्यक्ष प्रो. गिरीश चन्द्र त्रिपाठी का स्वागत किया। प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा आदि मौजूद रहे।

# *News Paper Clipping Service*

## Amar Ujala

**Date- 22 Dec 2022, Page No. City Page 5**

# पैरा स्पोर्ट्स पर भी शोध करें छात्र




**सुभारती विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथि।** संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी** 22/12/22

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग में पैरा स्पोर्ट्स के विकास में शारीरिक शिक्षा और खेल विज्ञान की भूमिका विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित हुई।

मुख्य अतिथि पीईएफआई के राष्ट्रीय सचिव डॉ. पीयूष जैन, एनसीटीई नई दिल्ली के कार्यकारी सदस्य डॉ. राजकुमार शर्मा और विशिष्ट अतिथि सेटू एनजीओ की निदेशक पूनम त्यागी रहीं। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल ने कहा कि शारीरिक शिक्षा का वर्तमान पाठ्यक्रम छात्रों के समग्र विकास को सुनिश्चित करता है। शिक्षा संकाय के डीन प्रो. डॉ. संदीप कुमार ने अपने भाषण में सभी अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद डॉ. पीयूष जैन ने छात्रों को पैरा स्पोर्ट्स से संबंधित विषयों पर शोध करने के लिए प्रोत्साहित किया।

पूनम त्यागी ने रोगों को नियंत्रित करने में शारीरिक व्यायाम एवं योग के योगदान पर जोर दिया। इसके बाद पैरा स्पोर्ट्स मीट के विजेताओं को सम्मानित किया गया। डीएवी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के अध्यक्ष विनीत त्यागी, प्रो. प्रवीण, सोनिया राणा आदि मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 24 Dec 2022,** **Page No. City Page 5**

# सही ज्ञान से ही चिकित्सा पद्धति को समझा जाता है: डॉ. आलोक कुमार

संवाद न्यूज एजेंसी



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि। संवाद

24/12/22

मेरठ। सुभारती मेडिकल कॉलेज के रानी लक्ष्मीबाई प्रेक्षागृह में एनाटॉमी विभाग और यूपी चेप्टर एनाटॉमी सोसायटी ऑफ इंडिया के सहयोग से शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। संयोजक प्रो. डॉ. सत्यम खरे ने कहा कि चिकित्सा पद्धति को सही ज्ञान से ही समझा जाता है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि यूपी स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ. आलोक कुमार, एमएएचई मणिपाल से डॉ. विषरम सिंह, डॉ. कृष्णा गर्ग, एम्स ऋषिकेश के प्रो. डॉ. सतीश रवि, मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज से सीएस रमेश बाबू ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डॉ. आलोक कुमार ने कहा कि शरीर रचना के सही ज्ञान से चिकित्सा पद्धति को समझने में सहायता मिलती है। मुख्य संयोजक प्रो. डॉ. सत्यम खरे ने बताया कि सुभारती मेडिकल कॉलेज का एनाटॉमी विभाग चौथी बार अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित कर रहा है।

सम्मेलन में विभिन्न देशों के एनाटॉमी विशेषज्ञ सहित एम्स ऋषिकेश, एम्स भटिंडा, एम्स भोपाल, एम्स रायपुर, एम्स दिल्ली आदि से 200 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान 80 शोध पत्र और 40 पोस्टर प्रस्तुत किए गए।

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 25 Dec 2022,** **Page No. City Page 5**

mycity

### न्यूज कैप्सूल

25/12/22

### सुभारती विवि में अतिथि व्याख्यान का आयोजन




मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय में शिक्षा विभाग और वेलनेस सेंटर के सहयोग से स्ट्रेस मैनेजमेंट एंड वेलनेस विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. अनोज राज ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता वेलनेस सेंटर के चेयरमैन प्रो. डॉ. राहुल बंसल ने मेडिटेशन के साथ सत्र की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि फिजिकल एक्टिविटी, प्राणायाम, पुस्तक, पेंटिंग एंड आर्ट एक्टिविटी और प्रार्थना इन पांच पी द्वारा तनाव से दूर रहा जा सकता है। संवाद

# *News Paper Clipping Service*

## Amar Ujala

**Date- 26 Dec 2022, Page No. City Page 5**

# सुभारती में मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों को सम्मानित किया



सुभारती मेडिकल कॉलेज में आयोजित वार्षिक कॉन्फ्रेंस में मौजूद चिकित्सक। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी 26/12/22

मेरठ। सुभारती मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी (शरीर रचना) विभाग में 28वीं वार्षिक कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य एनाटॉमी एवं क्लीनिक एनाटॉमी के क्षेत्र में हो रहे नए आयामों और नवीनतम शोध के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराना एवं एमबीबीएस के छात्रों के पठन पाठन में इसका महत्व बताना था। लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज की एनाटॉमी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. प्रीति सिन्हा को सम्मानित किया गया। मेडिकल कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर और एनाटॉमिकल सोसायटी के संयुक्त सचिव व संयुक्त कोषाध्यक्ष डॉ. वीडी पांडेय को सम्मानित किया गया। डॉ. विदित दीक्षित को कार्यकारी सदस्य चयनित किया गया। एनाटॉमी विभाग की स्नातकोत्तर छात्रा (एमडी एनाटॉमी) डॉ. पारुल सक्सेना को उनके सर्वे श्रेष्ठ ओरल प्रजेंटेशन पर डॉ. ओपी खंडूरी मेमोरियल गोल्ड मेडल दिया गया। इस दौरान डॉ. अंतिमा गुप्ता, डॉ. कपिल कुमार, डॉ. शिखा चंदन, डॉ. सत्यम खरे और डॉ. शिल्पी जैन आदि रहे।

# सुभारती ने लगाया जटपुरा गांव में कैंप

26/12/22




मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के सुभारती डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल के पेरियोडोंटोलॉजी विभाग ने डेंटल चेकअप कैंप एवं पाल्स सीरीज का आयोजन किया। पेरियोडोंटोलोजी विभागाध्यक्ष डॉ. मयूर कौशिक के नेतृत्व में जटपुरा गांव में कैंप का आयोजन किया गया। डॉ. मयूर कौशिक ने कहा कि पाल्स सीरीज़ जागरूकता का एक विशेष कार्यक्रम है, जो लोगों को मुख स्वास्थ्य के विषय में जागरूक करता है। डॉ. नितिन तोमर ने माउथवॉश के सही उपयोग के बारे में बताया। कैंपस में डॉ. सलिल, डॉ. यशिका, डॉ. शुभम, डॉ. नेहा, डॉ. आशुतोष, डॉ. अक्षय, डॉ. स्नेहा और डॉ. तानवी मौजूद रहे। संवाद

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 31 Dec 2022, Page No. City Page 6**


# सुभारती विवि में मनाया स्वराज दिवस

## वक्ता बोलीं- सुभाष चंद्रबोस ने अंग्रेजों से लोहा लेकर देश में पहली बार फहराया था तिरंगा

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। अखंड भारत की पावन धरती पोर्ट ब्लेयर, अंडमान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के द्वारा भारतीय ध्वज फहराए जाने के ऐतिहासिक दिन को सुभारती विवि में स्वराज दिवस के रूप में मनाया गया। कुलपति डॉ. जीके थपलियाल ने आजाद हिंद का ध्वजारोहण किया। इस दौरान सामूहिक आजाद हिन्द गान हुआ।

सुभारती विवि के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने कहा कि आज के युवा 30 दिसंबर के संबंध में कुछ नहीं जानते। यह उनका दोष नहीं है। ये उन्हें कभी बताया ही नहीं गया। हमें तो सदैव ही यह बताया गया कि भारत को स्वतंत्रता अहिंसात्मक आंदोलन के फलस्वरूप प्राप्त हुई, लेकिन सच्चाई इससे विपरीत है। भारत को स्वतंत्रता दिलाने में अहिंसात्मक आंदोलन के योगदान को मैं नहीं नकारता परंतु मुख्य योगदान हमारे असंख्य वीरों द्वारा दी गई कुर्बानियों का था। इनमें सबसे विशेष भूमिका नेताजी सुभाषचंद्र बोस की रही।



सुभारती विवि में आयोजित कार्यक्रम में शामिल आयोजक व अतिथि। संवाद

विवि की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने कहा नेताजी सुभाष चंद्रबोस ने अंग्रेज सैनिकों से लोहा लेते हुए भारत की पावन धरती पर प्रथम बार अपना ध्वज फहराकर अखंड भारत की घोषणा की थी। इस दिन को इतिहास में सही जगह नहीं मिलने पर देश के लिये अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को भूला दिया गया। मुख्य वक्ता, नेताजी सुभाषचंद्र बोस शोध पीठ के अध्यक्ष डॉ. देशराज सिंह ने कहा कि हमारा कर्तव्य है कि शहीदों को नमन करते हुए राष्ट्र हित में अपना योगदान दें।